आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक

हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 11 अंक : 24 लखनऊ, सोमवार 28 सितम्बर से 06 अक्तूबर, 2020 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक रूपया

## किसानों को अपनी उपज कहीं पर भी बेचने की मिली आजादी : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 'मन की बात' के दौरान संसद में पास हुए तीन बिलों से किसानों को होने वाले लाभ के बारे में चर्चा की। बताया कि अब किसानों को अपनी उपज को देश में कहीं भी बेचने की आजादी मिली है। प्रधानमंत्री मोदी ने कोरोना काल में भी कृषि क्षेत्र के दमखम दिखाने की सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि जो जमीन से जितना जुड़ा होता है, वो, बड़े से बड़े तूफानों से भी उतना अडिग रहता है। कोरोना के इस कठिन समय में हमारा ेषि क्षेत्र, हमारा किसान इसका जीवंत उदाहरण हैं। संकट के इस काल में भी हमारे देश के कृषि क्षेत्र ने फिर अपना दमखम दिखाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कृषि बिलों को लेकर कहा, फल–सब्जियों के अतिरिक्त किसान अपने खेत में, जो कुछ पैदा कर रहे हैं, धान, गेहूं,



सरसों, गन्ना उसको अपनी इच्छा अनुसार जहां ज्यादा दाम मिले, वहीं पर बेचने की आजादी मिल गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इन किसानों के अपने फल–सब्जियों को कहीं पर भी, किसी को भी बेचने की ताकत है और ये ताकत ही उनकी इस प्रगति का आधार है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, देश का कृषि क्षेत्र, हमारे किसान, हमारे गांव आत्मनिर्भर भारत का आधार हैं। ये मजबूत होंगे तो आत्मनिर्भर भारत की नींव मजबूत होगी। मुझे, कई ऐसे किसानों की चिट्ठियां मिलती हैं, किसान संगठनों से मेरी बात होती है, जो बताते हैं कि कैसे खेती में नए–नए आयाम जुड़ रहे हैं, कैसे खेती में बदलाव आ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने हरियाणा के सोनीपत जिले के किसान कंवर चौहान का अनुभव सुनाते हुए बताया कि कैसे एक समय था जब उन्हें मंडी से बाहर अपने फल और सब्जियां बेचने में बहुत दिक्कत आती थी।

## विश्व पर्यटन दिवस पर आगरा में रौनक फीकी

आगरा। कोविड–१६ महामारी के कारण बढ़ती सामाजिक–आर्थिक अनिश्चितताओं और स्वास्थ्य संबंध ाी चिंताओं के बीच, आगरा में एक नया पर्यटन सीजन शुरू हो गया है, लेकिन आतिथ्य उद्योग के पुनरुत्थान की आशा और उत्साह के बिना। विश्व पर्यटन दिवस पर मनाया जाने वाला जश्न गायब है। भले ही एक लंबे इंतजार के बाद, ताजमहल और आगरा किले सहित मुगल स्मारक अब पर्यटकों के लिए खुल चुके हैं, लेकिन हमेशा पर्यटकों से गुलजार रहने वाले ताज नगरी की रौनक इस बार फीकी है। शहर के होटल व्यवसायी हवाई संपर्क और ट्रेन परिचालन सामान्य होने पर अक्टूबर के अंत में हालात कुछ बदलने उम्मीद कर रहे हैं। 'आगरा होटल्स एंड रेस्टोरेंट्स एसोसिएशन' के संस्थापक अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने आईएएनएस को बताया, "अभी इंटरनेशनल ट्रैफिक सुस्त है। शहर के एक दर्जन से अधिक पांच सितारा होटल अंतर्राष्ट्रीय ग्राहकों पर निर्भर हैं। बुकिंग के संबंध में स्थिति निराशाजनक है।" आगरा तीन विश्व धरोहर स्मारकों, ताज महल, आगरा किला और फतेहपुर सीकरी, और दर्जनभर अन्य स्मारकों के साथ भारत का पसंदीदा पर्यटन स्थल है। रोमांच के लिए चंबल के बीहड़ों के साथ, बटेश्वर में एक पंक्ति में १०१ शिव मंदिर, मथुरा में श्रीकृष्ण–राधा लीला–भूमि, जो केवल ५० किलोमीटर दूर है, आगरा सालाना तकरीबन १ करोड़ पर्यटकों को आकर्षित करता है। आगरा को लखनऊ और नोएडा से जोड़ने वाले दो एक्सप्रेसवे ने पिछले कुछ वर्षों में पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद की है। महामारी के कारण स्मारकों को छह महीने तक बंद रखना इनके लिए एक तरह से हीलिंग समय साबित हुआ है। इस अवधि के दौरान भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा बहुत सारे रखरखाव और मरम्मत कार्य किए गए।

## उप्रः उपचुनाव के लिए कांग्रेस ने घोषित किए दो उम्मीदवारों के नाम

लखनऊ। कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश की कुल आठ विधानसभा सीटों में से दो के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है, जहां उपचुनाव होने वाले हैं। पार्टी ने बांगरमऊ विधानसभा सीट से आरती वाजपेयी को अपना उम्मीदवार बनाया है। पिछले साल दुष्कर्म के मामले में भाजपा के सदस्य कुलदीप सेंगर को दोषी ठहराए जाने के बाद यह सीट खाली हो गई थी। रामपुर जिले में स्वार विधानसभा सीट पर कांग्रेस ने हैदर अली खान को नामित किया है। यह



सीट समाजवादी पार्टी के मौजूदा सदस्य अब्दुल्ला आजम की अयोग्यता के कारण रिक्त हुई थी, जिन्होंने अपने दस्तावेजों में कथित रूप से अपनी जन्मतिथि को गलत दर्शाया था। दो विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा करने वाली कांग्रेस पहली पार्टी है। आठ विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव की तारीखों की घोषणा अभी तक नहीं की गई है, लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि ये बिहार में विधानसभा चुनाव के आसपास ही होंगे।

## नड्डा ने अपनी टीम में उप्र के ११ लोगों को जगह देकर राज्य का दबदबा बरकार रखा


लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को अपनी नई टीम घोषित कर दी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपनी टीम में उप्र के ११ लोगों को जगह देकर राज्य का दबदबा बरकार रखा है। कांग्रेस के कद्दावर नेता व पूर्व मंत्री जितिन प्रसाद को दो बार शिकस्त देने वाली लोकसभा सदस्य रेखा वर्मा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनकर बड़ा इनाम दिया गया है। योगी आदित्यनाथ सरकार में वित्त मंत्री रहे राजेश अग्रवाल को भाजपा का राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बनाया गया है। राज्यसभा सदस्य अरुण सिंह भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तथा शिवप्रकाश राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री पद पर यथावत हैं। इनके साथ चायल से सांसद विनोद सोनकर तथा बस्ती से सांसद हरीश द्विवेदी को राष्ट्रीय मंत्री, अमित मालवीय को प्रभारी आइटी व सोशल मीडिया सेल, फतेहपुर सीकरी से सांसद राजकुमार चाहर को किसान मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य डॉ. सुधाशु त्रिवेदी व सैय्यद जफर इस्लाम के साथ सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट गौरव भाटिया को राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी जेपी नड्डा की टीम में महामंत्री रहे अनिल जैन, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के दारा सिंह चौहान, किसान मोर्चा के वीरेन्द्र सिंह मस्त तथा राष्ट्रीय प्रवक्ता व विजय सोनकर शास्त्री




को जगह नहीं मिली है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह व प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल ने शनिवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की घोषित की गई केंद्रीय टीम के सभी पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, "मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि नई केंद्रीय टीम के सभी सदस्य अपनी ढ़ इच्छाशक्ति एवं मजबूत संकल्प के साथ संगठन के निर्माण में नए आयाम स्थापित करेंगे।"

## पूर्व रक्षा मंत्री जसवंत सिंह का निधन

नई दिल्ली। पूर्व रक्षा मंत्री जसंवत सिंह का आज सुबह निधन हो गया। वह ८२ साल के थे और पिछले छह साल से कोमा में थे। भारतीय जनता पार्टी( भाजपा) के संस्थापकों में से एक सिंह पूर्व प्रध ाानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ( राजग) सरकार के दौरान विभिन्न मंत्रालयों के कैबिनेट मंत्री रहे। उन्होंने १६६६ से २००४ के दौरान रक्षा, विदेश और वित्त्त जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों का जिम्म्हा संभाला। वर्ष २०१४ में भाजपा ने सिंह को राजस्थान के बाड़मेर से लोकसभा चुनाव का टिकट नहीं दिया था। इसके बाद नाराज सिंह ने पार्टी छोड़कर निर्दलीय चुनाव लड़ा मगर हार गए । उसी वर्ष उन्हें सिर में गंभीर चोटें आई, तब से वह कोमा में थे। सिंह ने पहले सेना में रहकर देश सेवा की और बाद में राजनीति का दामन थाम लिया था। सिंह



१६८० से २०१४ तक सांसद रहे और इस दौरान उन्होंने संसद के दोनों सदनों का प्रतिनिधित्व किया। उनके पुत्र मानवेंद्र सिंह भी राजनीति में हैं।


# सम्पादकीय

## लॉकडाउन के कारण भारत की अर्थव्यवस्था सिकुड़ी

केंद्र सरकार ने कोरोना महामारी के दौरान मनरेगा के लिए आवंटन बढ़ाया। लेकिन अधिकारियों का कहना है कि फंड अब खत्म होने के कगार पर है। इस क्षेत्र के विशेषज्ञ अर्थशास्त्रियों का कहना है कि मौजूदा फंड से सितंबर तक की मांग को ही पूरा किया जा सकता है। यानी यह पर्याप्त नहीं है। जिन पांच राज्यों में मनरेगा में काम के लिए सबसे ज्यादा आवेदन आए, वहां के अधिकारियों का कहना है कि लगभग सभी लोगों को काम मुहैया कराया गया है। लेकिन सवाल है कि आगे क्या होगा। इस योजना को गांव में रहने वाले लोगों के लिए सतत रोजगार मुहैया कराने के इरादे से तैयार किया गया था। यह किसी ने नहीं सोचा था कि कोरोना जैसी महामारी में इतने सारे लोगों के लिए यह मरहम बनेगी। सामाजिक कार्यकर्ता की राय है कि मनरेगा ने महामारी के शुरुआती हफ्तों में बहुत अच्छा काम किया, लेकिन जब प्रवासी मजदूर अपने गांवों को लौटने लगे तो मनरेगा पर बोझ बढ़ गया। भारत के दस करोड़ प्रवासी मजदूर लकडाउन से सबसे ज्यादा प्रभावित लोगों में शामिल हैं। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक महीनों तक गांव में रहने के बाद लोगों का कहना है कि शहर से उनकी कंपनी या फिर फैक्टरी मालिकों ने उन्हें लेने के लिए बसें भेजी हैं। लेकिन बहुत से लोग अब भी अपने गांव में बेकार बैठे हैं। लकडाउन के कारण भारत की अर्थव्यवस्था सिकुड़ी है। आने वाले दिन और भी मुश्किल हो सकते हैं, क्योंकि भारत में कोरोना के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ताओ और कई शोधकर्ताओं का दावा है कि सरकारी आंकड़े पूरा सच बयान नहीं करते हैं। पीपुल्स एक्शन अफ एंप्लयमेंट गारंटी नाम की संस्था ने हाल में कहा कि काम ना मिलने की खाई उससे कहीं बड़ी है जितना आंकड़ों में दिखाया जाता है। इसकी वजह यह है कि एक दिन काम मिलने को भी काम मुहैया कराए जाने के तौर पर दर्ज किया जाता है। राज्यों के अधिकारियों का कहना है कि रोजगार के लिए ऐसे काम तलाशे जा रहे हैं, जिनमें ज्यादा से ज्यादा लोगों को लगाया जा सके। इनमें पेड़ लगाना, सड़कें बनाना और नहरों को साफ करना शामिल है। लेकिन यह भी एक सच है कि प्रवासी मजदूरों में ज्यादातर दक्ष कारीगर हैं जो हर दिन ५०० रुपया कमा रहे थे। अब उन्हें २२० रुपए में काम करना पड़ रहा है। फिर भी ये एक मरहम है। ये जारी रहे, इसका इंतजाम सरकार को करना चाहिए।

# योगी ने ४६५ करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास किया

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को ४६५ करोड़ १६ लाख ८१ हजार रुपये की १५६ परियोजनाओं का वर्चुअल लोकापर्ण एवं शिलान्यास किया। योगी ने शहीद रामचन्द्र विद्यार्थी के सम्मान में देवरिया में संग्राहालय का निर्माण तथा शहीद सोना सोनार के नाम से गंड़क नदी पर निर्मित सेतु का नामकरण भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय विधायक जन्मेजय सिंह के नाम से किसी पार्क का भी नामकरण होगा। नगर में अतिवृष्टि से हो रहे जल जमाव की समस्या से निजात दिलाने के लिए नगर पालिका परिषद देवरिया को अच्छी कार्य योजना तैयार किये जाने को कहा। इसके लिए आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने अतिवृष्टि से किसानों के फसलों का नुकसान का मुआवजा तत्कालिक रुप में दिलाए जाने तथा यदि किसी प्रकार की जनहानि हो तो राहत २४ घंटे के अंदर उस परिवार को पहुंचाने का निर्देश भी दिया। उन्होंने कहा



कि देवरिया जिला महर्षि देवरहवा बाबा का साधना व तपोस्थली रही है। उनके सम्मान में निर्मित मेडिकल कालेज का नाम उनके नाम से रखा गया। मेडिकल कालेज का स्थापना एवं उसके निर्माण कार्य को आगे बढ़ाने में सभी जन प्रतिनिधियों एवं तत्कालीन सांसद एवं राजस्थान राज्यपाल कलराज मिश्र का काफी योगदान रहा है, जिसका निर्माण युद्ध स्तर पर हो रहा है। देवरिया जिला चिकित्सालय में बहुत ही शीघ्र डायलिसिस की सुविधा शुरू करने का निर्देश दिया गया है। मुख्यमंत्री ने गन्ना किसानों के चीनी मिलों पर बकाया भुगतान के लिये व्यापक योजना बनाने के लिये गन्ना विभाग को निर्देश दिया। उन्होंने प्रतापपुर चीनी मिल पर गन्ना किसानों के बकाया भुगतान को समय सीमा के अंदर कराए जाने के निर्देश दिए। शनिवार को आनलाइन किए गए लोकार्पणध् शिल्यान्यास में ३८२.८४२७ करोड़ की १३१ कार्य परियोजनाओं का शिलान्यास तथा ८२.३२५४ करोड़ की २८ कार्य परियोजनाएं सम्मिलित है।

# पीएसी जवानों के डिमोशन पर योगी नाराज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीएसी के ६०० जवानों को पदावनत (डिमोशन) किए जाने के मामले को गम्भीरता से लेते हुये उनके तत्काल प्रमोशन के आदेश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि सरकार के संज्ञान में लाए बगैर ऐसी कार्यवाही से पुलिस बल के मनोबल पर प्रभाव पड़ता है। उन्होंने पुलिस महानिदेशक को निर्देशित किया कि वे सभी जवानों की नियमानुसार पदोन्नति सुनिश्चित कराएं। साथ ही, सरकार के संज्ञान में प्रकरण को लाए बगैर ऐसा निर्णय जिन अधिकारियों द्वारा लिया गया है, उनका उत्तरदायित्व निर्धारित कर शासन को आख्या भी उपलब्ध कराएं। गौरतलब है कि पीएसी से पुलिस में आए जवानों को प्रमोशन मांगने पर उन्हें मूल काडर पीएसी में भेजने का मामला सामने आया था। ऐसे ८६६ पुलिसकर्मियों को डिमोट करते हुए वापस किया गया जबकि २२ आरक्षियों को कॉन्स्टेबल के ही पद पर वापस भेजा गया। इस बारे में विभाग का तर्क था कि आर्म्स पुलिस से सिविल पुलिस में पीएसी के ८६० हेड कॉन्स्टेबल और छह एसआई का प्रमोशन नियम विरुद्ध किया गया था। इस संबंध में पीएसी के १९९८ बैच के कॉन्स्टेबल जितेंद्र कुमार ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की थी।

# रेलवे की लापरवाही यात्रियों के वेटिंग टिकट को कर दिया गया आरक्षित

लखनऊ। नई दिल्ली से राजगीर को जाने वाली श्रमजीवी सुपरफास्ट कोविड–१६ स्पेशल ट्रेन में गुरुवार को बड़ी लापरवाही सामने आई है। इस ट्रेन में डी–५ कोच ही नहीं लगाया गया। ट्रेन में बोगी नहीं और रेल यात्रियों के वेटिंग टिकट को इसी कोच में आरक्षित कर दिया गया। आईआरसीटीसी व उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल रेल प्रशासन की उदासीनता के चलते दो दर्जन से अधिक यात्रियों ने दूसरे कोचों में खड़े होकर यात्रा करने को बाध्य रहे। इसके अलावा कुछ यात्रियों ने विकलांग कोच में परिवार को लेकर इमरजेंसी में सफरध् किया । लखनऊ से २४ सितंबर को अजीत कुमार सिंह अपने परिवार के साथ बक्सर जाने के लिए ट्रेन संख्या ०२३६२ में रिजर्वेशन कराए थे जिसका पीएनआर नंबर– २२१११३६३६३ था। यात्री को कोच संख्या डी–५ में बर्थ संख्या २,६,१० एलाट हुई थी। यात्री ट्रेन आने के निर्धारित समय से एक घंटे पहले जब चारबाग स्टेशन पर पहुंचा तो स्टेशन परिसर में प्रवेश के दौरान प्रवेशद्वार पर एक रेल कर्मचारी मौजूद थे जो रजिस्ट्रर लेकर बैठे थे और सबका नाम, ट्रेन नाम, कोच, बर्थ, रजिस्ट्रर पर लिख रहे थे। रेल कर्मचारी ने जब इनसे पूछा कि किस ट्रेन काध टिकट है कंफर्म है तो इन्होंने बताया कि श्रमजीवी एक्सप्रेस का टिकट और डी–५ में मेरा बर्थ आरक्षित है। तब कर्मचारी ने बताया कि इस ट्रेन में आज यह कोच ही नहीं लगाया गया है। हालांकि वह प्लेटफार्म पर पहुंचे ट्रेन आने के बाद जब वह कोच ढूढने लगे तो उन्हे कहीं कोच नहीं मिला। जब उन्होंने टीटीई एच सिंह से संर्पक किया तो उन्होंने कहा कि कोच ही नहीं लगा है। आईआरसीटीसी और उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के रेल प्रशासन अधिकारियों की बड़ी लापरवाही का आलम यह रहा कि ट्रेन संख्या ०२३६२ श्रमजीवी सुपरफास्ट कोविड–१६ स्पेशल ट्रेन में २४ सितंबर को वेटिंग कराए यात्रियों का टिकट कर्फम कर दिया गया। लेकिन जब यात्री सफर करने के लिए अपने परिवार के साथ ट्रेन में सवार हुए तो पता चला कि डी–५ कोच ही नहीं है लखनऊ के चारबाग स्टेशन पर यात्री कोच ढूढ़ते रहे उन्हे कोच ही नहीं मिला यात्रियों का कहना था कि जब कोच ही नहीं लगा है तो कैसे उनका टिकट आरक्षित कर दिया गया। दो दर्जन से अधिक यात्रियों ने इसकी शिकायत जब कंट्रोल रुम को की लेकिन उनकी समस्या पर कोई ध्यान हीं नहीं दिया गया। अतरू मायूस होकर किसी ने विकलांग कोच तो किसी ने अन्य कोच खड़े होकर सफर करने को मजबूर रहे । उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल रेल प्रशासन की ओर से गुरुवार को श्रमजीवी कोविड स्पेशल ट्रेन में बोगी और आरक्षित टिकट के नाम पर दो दर्जन यात्रियों को गुमराह किया गया। यात्री एक छोर दूसरे छोर इंजन तक कोच को खोजते रहे पर उनको डी–५ कोच नहीं मिला। टीटीई इन यात्रियों को गुमराह करते हुए कहा कि जाओ कोच देखो लगा है जब ट्रेन चलने लगी तो यात्री दूसरे कोचों में सवार होकर खड़े रहे। जब ट्रेन वाराणसी के कैंट स्टेशन पर पहुंची थी वहां भी एक दर्जन से अधिक यात्रियों को इसी कोच में आरक्षित टिकट था जो कोच खोजे पर कोच नहीं मिला। उन्होंने इस पर रेल मंत्रालय को ट्वविट कर शिकायत दर्ज कराई। ”ट्रेन में कोच नहीं लगने की शिकायत गंभीर है मैने उच्चधिकारियों को अवगत कराकर जांच के आदेश दिये है। अगर लापरवाही हुई तो इसमें कार्रवाई की जाएगी।”जगतोष शुक्ला,सीनियर डीसीएम, उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल।

# अभियुक्त रामसिंह राजपूत की जमानत अर्जी खारिज

लखनऊ। चित्रकूट की एक महिला से दुराचार करने और उसकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में अभियुक्त रामसिंह राजपूत की जमानत अर्जी पॉक्सो की विशेष



अदालत ने खारिज कर दी है। उल्लेखनीय है कि चित्रकूट की उक्त महिला ने ही पूर्व कैबिनेट मंत्री गायत्री प्रजापति के खिलाफ दुराचार की एफआईआर दर्ज कराई थी जिसमें वह फिलहाल जेल में हैं। बाद में उक्त महिला ने दूसरी एफआईआर दर्ज रामसिंह राजपूत के खिलाफ भी दर्ज कराई थी। विशेष जज अरविन्द मिश्र ने प्रथम दृष्टया मुल्जिम के अपराध को अत्यन्त गंभीर करार दिया है। अदालत के समक्ष अपराधी की जमानत अर्जी का पीड़िता की ओर से भी विरोध किया गया। पीड़िता के विशेष वकील ध्रुव कुमार सिंह का कहना था कि वर्ष २०१६ में अपराधी ने पार्क रोड स्थित एक बंगले में चाय में नशीली गोली देकर पीड़िता के साथ दुराचार किया। साथ ही मोबाइल से उसकी आपत्तिजनक फोटो भी खींच लिया। इसके बाद पीड़िता को यह धमकी दी कि यदि किसी को कुछ बताया, तो फोटो को वायरल कर देगा। वह पीड़िता के साथ लखनऊ व दिल्ली के होटल में भी दुराचार करता रहा। पीड़िता की अवयस्क पुत्री के साथ भी गंदी हरकत की। २७ दिसंबर २०१६ को पीड़िता ने इस मामले की एफआईआर थाना गौतमपल्ली में दर्ज कराई थी।

# बिजली दरों को लेकर यायालय पहुंचा यूपीपीसीएल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पॉवर कार्पोरेशन ने उपभोक्ताओं के बिजली दरों में १६ फीसदी की कमी नहीं हो सके, इसके लिए न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। वहीं कार्पोरेशन के इस गतिविधि की जानकारी होने के बाद परिषद ने मुख्यमंत्री और ऊर्जामंत्री से गुहार लगाई है। बता दें कि जब उपभोक्ताओं को आयोग ने वर्ष २०१६ –२० मे फैसला सुनाया था। इस फैसले का फायदा प्रदेश के तीन लाख उपभोक्ताओं को २०२० और २१ मे मिलना था। लेकिन पॉवर कार्पोरेशन ऐसा नहीं होने देना चाह रहा है। बिजली दरों में कमी न हो सके, कार्पोरेशन ने अपटेल न्यायालय दिल्ली में याचिका दायर कर दी। गौरतलब है कि पावर कार्पोरेशन और प्रदेश की बिजली कंपनियों द्वारा बिजली दरों में कमी किए जाने के प्रस्ताव पर जो जवाब विद्युत नियामक आयोग को भेजा गया है, उसमे कहा गया है है कि उपभोक्ताओं का जो पैसा बिजली कंपनियों पर १३,३३७ करोड़ निकाला है, जो अभी विचाराधीन है इसलिए अभी कोई कार्यवाही न की जाए। बता दें कि उपभोक्ता परिषद् ने अपने जनता प्रस्ताव मे बिजली दरो में कमी का जो आधार बताया है जिसमे यह कहा गया था 'वर्ष २०१६ –२० के टैरिफ आर्डर में बिजली उपभोक्ताओं का उदय व ट्रूअप में वर्ष २०१७–१८ तक कुल लगभग रुपया १३,३३७ करोड़ बिजली कंपनियों पर निकल रहा है। जो अब कैरिंग कॉस्ट १३ प्रतिशत जोड़ कर लगभग रुपया १४,७८२ करोड़ हो गया है। यदि आयोग पास आन करे तो लगभग २५ प्रतिशत बिजली दरों में कमी होगी। इसके साथ ही बिजली कंपनियों के ४५०० करोड़ के गैप को घटा दिया जाए, फिर भी बिजली दरों में १६ प्रतिशत की कमी हो सकी है। पॉवर कार्पोरेशन के न्यायालय में जाने पर उप्र राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने भी विद्युत नियामक आयोग में एक याचिका दाखिल कर दी है। इस याचिका में कहा गया है कि बिजली कंपनियों की दलील को खारिज किया जाए। इस पर तर्क दिया गया है कि सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट के अनेकों ऐसे आदेश हैं जोक कि किसी सक्षम न्यायालय में केवल याचिका दाखिल कर देने से जब तक उस पर कोई आदेश या रोक न हो। कार्यवाही रोकी नहीं जा सकती। जनहित में उपभोक्ता परिषद आयोग से मांग करता है कि बिजली कम्पनियों द्वारा उपभोक्ता हित के खिलाफ गुमराह करने की जो साजिश की जा रही है उसे आयोग खारिज कर उपभोक्ताओ की बिजली दरों में १६ प्रतिशत की कमी करे।

# मुख्यमंत्री योगी ने पत्रकारों को पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा देने की घोषणा की

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लखनऊ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय सूचना भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने मान्यता प्राप्त पत्रकारों के लिए पांच लाख रुपये स्वास्थ्य बीमा देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सूचना तथा जनसम्पर्क विभाग के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को नया कार्यालय मिलने पर बधाई दी। इस दौरान उन्होंने घोषणा की कोरोना से मौत होने पर मान्यता प्राप्त पत्रकारों के परिवार को १० लाख रुपये आर्थिक मदद दी जाएगी। साथ ही मान्यता प्राप्त पत्रकारों के लिए पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा देने को कहा है। शासन का काम योजनाएं बनाना है। प्रशासन योजना लोगों तक पहुंचाता है। इसके बाद मीडिया सेतु के रूप में काम करता है। मीडिया तो सरकार और जनता के बीच सेतु का काम करता है। प्रदेश के सूचना तथा जनसंपर्क विभाग का काम सरकार के काम को सामने लाने का है। इसके बाद मीडिया का काम इसको जनता के बीच लाने का है। उन्होंने कहा कि लखनऊ में पंडित दीनदयाल के नाम पर भवन बनाया गया है, यह पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि है। ज्ञात हो कि उत्तर प्रदेश में मुगलसराय रेलवे स्टेशन



के बाद सूचना विभाग का नया परिसर पंडित दीन दयाल उपाध्याय के नाम पर हो गया। इससे पहलेगुरुवार को योगी आदित्यनाथ सरकार ने पं० दीन दयाल उपाध्याय प्रोत्साहन योजना के तहत प्रदेश को बड़ा तोहफा दिया था। इस दौरान व्यावसायिक व तकनीकी शिक्षा के सरकारी संस्थानों को २०० करोड़ रुपये का अनुदान मिला। चंदौली में योगी आदित्यनाथ सरकार ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय भव्य स्मृति स्थल का निर्माण कराया था, जिसका प्रधानमंत्री मोदी ने लोकार्पण किया था।

# सीएम योगी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय सूचना परिसर का किया उद्घाटन





लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसंपर्क की अति आधुनिक सुविधा से लैस पंडित दीनदयाल उपाध्याय सूचना परिसर का उद्घाटन किया। आज से सूचना निदेशालय के सभी कार्य इसी नई बिल्डिंग से होंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या और डा. दिनेश शर्मा के अलावा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, जलशक्ति मंत्री महेन्द्र सिंह, मुख्यसचिव आर के तिवारी, सूचना निदेशक शिशिर समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी ने सूचना विभाग की पुस्तक का भी विमोचन किया गया।

# उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव में सभी सीटों पर लड़ेगी आप

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में अपनी पैठ बनाने के प्रयास में लगी आम आदमी पार्टी राज्य में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में सभी सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी। आम आदमी पार्टी (आप) के प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह और प्रवक्ता दिलीप पांडेय ने आगामी पंचायत चुनाव को लेकर पार्टी की रणनीति का खुलासा किया। उन्होंने शुक्रवार को मीडिया से कहा कि पार्टी सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। जिला पंचायत अध्यक्ष से लेकर ब्लक प्रमुख और ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सदस्य तक के सभी सीटों पर आप समर्थित उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतरेंगे। इसके मद्देनजर दिसंबर तक वोटर लिस्ट में नाम बढ़वाने का कार्यक्रम तय किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी उत्तर प्रदेश में अब तक ३४५ विधानसभा क्षेत्रों में २५–२५ सदस्यीय कमेटियों का गठन कर चुकी है। शेष ५८ विधानसभा कमेटी का गठन भी जल्द कर लिया जाएगा। पंचायत चुनाव के लिये सभी जिला इकाइयों को सक्रिय कर दिया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लक प्रमुख का चुनाव सीधे जनता से कराने की मांग की और कहा कि राज्य की जनता जातिगत राजनीति से आजिज आ चुकी है। प्रदेश में १५० से अधिक विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी कार्यालय खोले जा चुके हैं।

# बच्चों व किशोरों में रचनात्मक अभिवृत्ति विकसित करने के लिए डाक विभाग स्कूलों में खोलेगा फलेटली क्लब

लखनऊ। कोरोना संक्रमण के दौर में डाक विभाग ने नई पहल की है। बच्चों व किशोरों में रचनात्मक अभिवृत्ति विकसित करने के लिए फिलेटली डिपजिट एकाउंट खुलवाने के साथ–साथ स्कूलों में भी फिलेटली क्लब खोले जाएंगे ताकि विद्यार्थियों में डाक टिकट संग्रह व इतिहास के प्रति अध्ययन की अभिरुचि को विकसित किया जा सके। इससे छात्र–छात्राओं की शिक्षा में भी फायदा मिलेगा। इसका उद्देश्य यह है कि बच्चों में रचनात्मकता के साथ–साथ समसामयिक विषयों, घटनाओं, देश की विभूतियों, जैव विविधता आदि से बच्चे इन डाक टिकटों के माध्यम से रूबरू हो सकेंगे। साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में भी इससे मदद मिलेगी। फिलहाल अभी इसकी शुरुआत कक्षा १२ तक के बच्चों से होगी क्योंकि शुरू से ही इन डाक टिकटों के माध्यम से उनका सामान्य ज्ञान मजबूत होगा जो आगे काम आएगा। लखनऊ परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल ने कहा कि डाक विभाग ने डाक टिकटों के माध्यम से छात्र–छात्राओं को रचनात्मक बनाने की भी तैयारी कर ली है। इसके लिए विभाग जल्द ही विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्यों से संपर्क करेगा। स्कूली बच्चों को फिलेटली क्लब से जोड़ने के लिए डाक विभाग विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्यों से मुलाकात कर इसकी शुरुआत करेगा। स्कूल अपने यहां फिलेटली डिपाजिट एकाउंट खोलें जिसका अवलोकन कर बच्चे इसे जान सकें और फिलेटली को हॉबी की तरह प्रमोट किया जाए यानी विद्यालय अपनी रचनात्मक कार्यों में इसे भी शामिल करें। मात्र २०० रुपये में किसी भी फिलेटलिक ब्यूरो या प्रधान डाकघर में ये एकाउंट खोला जा सकता है। परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर ने बताया स्कूलों का अपना फिलेटली डिपाजिट एकाउंट खुलने से डाक टिकट, सूचना विवरणिका इत्यादि हर माह पंजीकृत पत्र से स्कूल को भेजा जाएगा। इससे स्कूल डाक टिकट कलेक्शन का डिस्प्ले भी कर सकेंगे। साथ ही इसे लाइब्रेरी में भी रख सकेंगे जिससे बच्चे इसे देख और पढ़ सकेंगे।

# कंटेनर ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत, दो घायल

लखनऊ। सड़क पार कर रहे मोटरसाइकिल तीन सवारों को सामने से कंटेनर ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार तीनों सड़क पर जा गिरे। सड़क पर गिरने से एक युवक पर से कंटेनर चढ़ता हुआ आगे निकल गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बाकी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें ट्रामासेन्टर मे भर्ती कराया गया है। जहां दोनों की हालत नाजुक बनी हुई है। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम अमानीगंज निवासी छोटू यादव (२३) अपने गांव के ही निवासी सन्तराम (२२) व हरदोई जनपद के ग्राम कौड़िया निवासी शैलेश के साथ मलिहाबाद मोटरसाइकिल यूपी ३२ केएच २३०५ से आए थे। गुरुवार देर रात मलिहाबाद मुख्य चौराहे पर लखनऊ हरदोई राजमार्ग पार करते समये हरदोई की ओर से तेज रफ्तार आ रहे कन्टेनर यूपी एनएल ०१ एडी १६८२ ने सामने से टक्कर मार दी। जिससे इनकी मोटरसाइकिल कन्टेनर मे जा घुसी। कन्टेनर छोटू यादव के शरीर पर चढ़ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि इसके साथ दो अन्य साथी सड़क पर जा गिरे जिससे उनकी गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को हिरासत मे ले घायलों को पुलिस जीप द्वारा संतराम व शैलेश को ट्रामासेन्टर मे भर्ती कराया है। जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

# लखनऊ में सक्रिय नशे के तस्कर को पुलिस नें किया गिरफ्तार

**राकेश पाण्डेय निश्छल**

लखनऊ। श्रीमान पुलिस आयुक्त जनपद लखनऊ के आदेश पर जनपद में युवा पीढ़ी को नशे की लत में धकेलने वाले शातिर लुटेरे व सक्रिय मार्फिन तस्कर राजा भारती गैंग के अपराधियो को हुसैनगंज पुलिस ने किया गिरफ्तार–पुलिस आयुक्त मध्य, सहायक पुलिस आयुक्त मध्य, अपर पुलिस आयुक्त मध्य के दिशानिर्देशन में व प्रभारी निरीक्षक हुसैनगंज दिनेश सिंह बिष्ट के नेतृत्व में वरिष्ठ उपनिरीक्षक नईम अहमद, चौकी प्रभारी लोको कमलेश रॉय, चौकी प्रभारी छीतवापुर राजेश रॉय, उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार द्विवेदी, मु०आ० अजीत सिंह, आरक्षी रवि सिंह आरक्षी अक्षय कुमार ने शिवम गुप्ता व शिवम बाल्मीकि को किया गिरफ्तार–आपको बता दें कि हुसैनगज पुलिस की गिरफ्त में आये शातिर शिवम गुप्ता पर जनपद लखनऊ के अलग अलग थानों में एक दर्जन से अधिक गम्भीर मामले पंजीकृत है। आपको बता दें कि हुसैनगंज पुलिस ने शातिर राजा भारती को पहले ही गिरफ्तार कर जेल दिया है।

# भारत में कहानी कहने की एक समृद्ध परंपरा रही है: मोदी


नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने प्रसिद्ध रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के दौरान रविवार को कहानी कहने की कला यानी स्टोरी टेलिंग पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत में किस्सा–गोई की समृद्ध परंपरा रही है। उन्होंने कहा कि कोरोना के इस कालखंड में पूरी दुनिया अनेक परिवर्तनों के दौर से गुजर रही है। आज, जब दो गज की दूरी एक अनिवार्य जरूरत बन गई है, तो इसी संकट काल ने, परिवारों के सदस्यों को आपस में जोड़ने और करीब लाने का काम भी किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हमें, जरूर एहसास हुआ होगा कि हमारे पूर्वजों ने जो विधायें बनाई थी, वो आज भी कितनी महत्वपूर्ण हैं और जब नहीं होती हैं तो कितनी कमी महसूस होती है। ऐसी ही एक विधा जैसे मैने कहा, कहानी सुनाने की कला यानि स्टोरी टेलिंग। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, जो हमारी परंपराएं थीं, जो परिवार में एक प्रकार से संस्कार सरिता के रूप में चलती थी, उसकी कमी महसूस हो रही है, ऐसा लग रहा है कि बहुत से परिवार हैं जहां से ये सब खत्म हो चुका है, और इसके कारण, उस कमी के रहते



हुए, इस संकट के काल को बिताना परिवारों के लिए थोड़ा मुश्किल हो गया, और, उसमें एक महत्वपूर्ण बात क्या थी? हर परिवार में कोई–न–कोई बुजुर्ग, बड़े व्यक्ति परिवार के, कहानियां सुनाया करते थे और घर में नई प्रेरणा, नई ऊर्जा भर देते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कहानियों का इतिहास उतना ही पुराना है जितनी कि मानव सभ्यता। कहानियां, लोगों के रचनात्मक और संवेदनशील पक्ष को सामने लाती हैं, उसे प्रकट करती हैं। कहानी की ताकत को महसूस करना हो तो जब कोई मां अपने छोटे बच्चे को सुलाने के लिए या फिर उसे खाना खिलाने के लिए कहानी सुना रही होती है, तब देखें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, भारत में कहानी कहने की, या कहें किस्सा–गोई की, एक समृद्ध परंपरा रही है। हमें गर्व है कि हम उस देश के वासी हैं, जहां हितोपदेश और पंचतंत्र की परंपरा रही है, जहां, कहानियों में पशु–पक्षियों और परियों की काल्पनिक दुनिया गढ़ी गई, ताकि, विवेक और बुद्धिमत्ता की बातों को आसानी से समझाया जा सके। हमारे यहां कथा की परंपरा रही है। ये धार्मिक कहानियां कहने की प्राचीन पद्धति है। इसमें कताकालक्षेवम भी शामिल रहा है।

# सरकार लद्दाख के लोगों के हितों की रक्षा करेगी : शाह

नई दिल्ली। सरकार ने कहा है कि वह लद्दाख के लोगों की हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और वहां के लोगों के साथ सलाह मशिवरे के आधार पर ही निर्णय लिये जायेंगे। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज उनसे मिलने आये लेह और लद्दाख के एक



प्रतिनिधिमंडल को यह आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में लद्दाख के प्रमुख नेता तथा पूर्व सांसद थिकसे रिनपोछे , थुप्स्तन छेवांग और जम्मू कश्मीर में मंत्री रह चुके छेरिंग दोरजे लकरूक शामिल थे। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री जी किशन रेड्डी तथा युवा मामले और खेल राज्य मंत्री किरेन रिजिजू भी इस मौके पर उपस्थित थे। प्रतिनिधिमंडल को सरकार की ओर से आश्वासन दिया गया कि भाषा, जनसांख्यिकी, जातीयता, भूमि और नौकरियों से संबंधित सभी मुद्दों पर सकारात्मक रूप से ध्यान दिया जाएगा। यह भी कहा गया कि "छठी अनुसूची के तहत संवैधानिक सुरक्षा के लिए पीपुल्स मूवमेंट" के तत्वावधान में लेह और करगिल जिलों के प्रतिनिधियों के एक बड़े लद्दाखी प्रतिनिधिमंडल और गृह मंत्रालय के बीच संवाद लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद, लेह चुनावों के समापन के १५ दिनों के बाद शुरू होगा। इस संबंध में कोई भी निर्णय लेह और करगिल के प्रतिनिधियों के परामर्श से ही लिया जायेगा। श्री शाह ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि सरकार लेह और करगिल के एलएएचडीसी को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है तथा केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लोगों के हितों की रक्षा की जायेगी। साथ ही इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए सभी विकल्प तलाशे जायेंगे। सरकार लद्दाख के लोगों से संबंधित मुद्दों को देखते हुए देश के संविधान की छठी अनुसूची के तहत उपलब्ध संरक्षण पर चर्चा करने के लिए तैयार है। प्रतिनिधिमंडल ने आगामी लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद–एलएएचडीसी, लेह चुनावों के बहिष्कार के आह्वान को वापस लेने पर सहमति व्यक्त की और इन चुनावों के सुचारू संचालन के लिए इसे पूर्ण समर्थन देने का वायदा किया।

# गरीब किसान की सच्ची हितैषी सिर्फ भाजपा : योगी

देवरिया। कृषि कानून को लेकर विपक्षी दलों पर राजनीति करने का आरोप लगाते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गरीब और किसान की पूरी जिम्मेदारी के साथ देखभाल करने वाली सिर्फ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ही सरकारें हैं। देवरिया में पार्टी के बूथ लेवल पदाधिकारी को सम्बोधित करते हुए योगी ने कहा कि केन्द्र सरकार ने किसानों के हितों की रक्षा के लिये जो कानून बनाया है, वह अन्नदाताओं की आर्थिक दशा सुधारने के साथ उनकी आमदनी को दोगना करने में सहायक बनेगा। उन्होंने आरोप लगाते हुते कहा कि जो विपक्षी दल आज तक किसानों का शोषण करते आते थे,वे आज किसानों को बरगलाने का कार्य करते हुए इस कानून का विरोध कर रहे हैं। योगी ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का नाम लिये बगैर कहा एक नेता को मालूम भी नहीं है कि गन्ना कब बोया जाता है। ऐसे नेता किसानों का रहनुमा बनने का प्रयास करते हुए ेषि संशोधन विधेयक का विरोध कर रहे हैं। योगी ने कहा कि केन्द्र की सरकार ने किसानों के भले के लिए प्रधानमंत्री किसान फसल बीमा योजना , प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के साथ ही सभी फसलों के उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य दें रही है। कृषि कानून बनने से अब देश का किसान अपनी पैदावार को ओने पौने दाम पर बेचने के लिए विवश नहीं होंगे। प्रदेश के हर विकासखंड में एक भंडारण गृह ( कोल्ड स्टोरेज ) बनाया जाएगा जिसमें किसान अपनी उपज को रख सकता है लेकिन विपक्षी दल जो किसानों के साथ आज तक छल करता आया था,वह किसानों की सुधरती दशा देख अनाप शनाप आरोप लगाकर अपनी खीझ मिटाने का प्रयास कर रहा है।

# टिकट के मुद्दे पर बीजेपी समर्थकों के बीच हाथापाई

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद टिकट की आस लगाए बैठी एक उम्मीदवार के समर्थकों और पार्टी के कुछ पदाधिकारियों के बीच हाथापाई हो गई। यह स्थिति तब बनी जब टिकट पाने की इच्छुक "विधायक पिछले १५ वर्षों से लखीसराय से चुने जा रहे हैं, लेकिन उन्होंने लोक कल्याण का कोई काम नहीं किया। मेरी नेता कुसुम देवी पिछले २५ वर्षों से भाजपा से जुड़ी हैं और उनसे बेहतर उम्मीदवार हैं। वह समाज के सभी वर्गों में बेहद




उम्मीदवार के ५० से अधिक समर्थकों ने उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के वाहन को बीजेपी के पटना कार्यालय में जाने से रोकते हुए लखीसराय निर्वाचन क्षेत्र के लिए मौजूदा विधायक विजय सिन्हा की उम्मीदवारी को रद्द करने की मांग की। समर्थक इस सीट से कुसुम देवी को टिकट दिए जाने की मांग कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने उपमुख्यमंत्री के वाहन को लगभग १० मिनट तक रोके रखा तब पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन्हें रास्ते से हटाने की कोशिश की। इसके बाद बहस हुई और फिर बात हाथापाई तक पहुंच गई। प्रदर्शनकारियों में से एक मनीष कुमार ने आरोप लगाया, लोकप्रिय भी हैं।" बाद में प्रदर्शनकारियों को समझा–बुझाकर वहां से हटाया गया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल ने कहा, "उम्मीदवारों के समर्थक चुनाव में उनके समर्थन में आवाज बुलंद करते हैं। लेकिन हमने उम्मीदवारों के चयन के लिए प्रक्रिया निर्धारित की है। यदि वह पात्र हैं तो चयन समिति निश्चित रूप से उन पर विचार करेगी।" बता दें कि कुछ समय पहले ही भाजपा समर्थकों का नाम कथित तौर पर जन अधिकार पार्टी के कार्यकताओं के साथ मारपीट करने में सामने आया था, इस घटना में तीन लोग घायल हो गए थे।

# वाराणसी में ग्रामीण पर्यटन को विकसित करेंगे योगी

वाराणसी। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग वाराणसी में महामारी के दौर के खत्म होने के बाद ग्रामीण पर्यटन को विकसित करने की एक बड़ी योजना पर काम कर रहा है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, वाराणसी आने वाले विदेशी पर्यटकों को वाराणसी जिले के गांवों की सैर के लिए एक गाइड के साथ ले जाया जाएगा। खासकर उन गांवों में, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र में गोद लिया है और विकसित किया है। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी कीर्तिमान श्रीवास्तव ने कहा, पर्यटकों को नावों द्वारा गंगा के किनारे इन पूर्व– निर्धारित ग्रामीण स्थलों पर पहुंचने का विकल्प दिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा, ग्रामीण क्षेत्रों में कई साइट्स हैं, जिनमें घरेलू और विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने की क्षमता है। इन स्थलों का वातावरण हरा–भरा और रमणीय है। योजना के हिस्से के तौर पर इन स्थानों पर पर्यटकों के लिए सुविधाएं विकसित की गई हैं। मरक डेय महादेव और शूलटंकेश्वर मंदिर में पीने योग्य पानी की सुविधा और सुसज्जित घाट विकसित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि एक बार महामारी खत्म हो, उसके बाद घरेलू और विदेशी पर्यटक दोनों ही वाराणसी आना शुरू कर देंगे। उन्होंने कहा, "इसलिए हम ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने की योजना पर काम कर रहे हैं, जो विदेशियों को ग्रामीण वाराणसी में जीवन के बारे में जानने में मदद करेगा और वे सुरम्य वातावरण में नाव की सवारी का आनंद भी ले सकते हैं। इन गांवों की मार्केटिंग घरेलू पर्यटकों के बीच भी करने की योजना है। उन्होंने कहा, पूरी योजना में पर्यटक गाइड शामिल होंगे, क्योंकि वे पर्यटकों को गंतव्य और सुखद वातावरण के बारे में बताएंगे। पर्यटकों को कैथी में गांव की जीवनशैली को देखने के लिए ले जाया जाएगा या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गोद लिए गांव जयापुर में घुमाने के लिए ले जाया जा सकता है या फिर उन्हें ग्रामीण जीवन की अनुभूति करने के लिए ककरहिया ले जाया जा सकता है। उन्होंने कहा, अब तक काशी के इन गांव में घरेलू पर्यटकों अक्सर आते रहते हैं, ज्यादातर पर्यटक वाराणसी से सटे स्थानों से आते हैं। अब, हम इन गांवों की मार्केटिंग घरेलू पर्यटकों के बीच करेंगे। ग्रामीण पर्यटन से गांव की अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा। हम अपने प्रयासों में नाविकों को भी शामिल करने की योजना बना रहे हैं। इसके साथ ही नाविकों को ग्रामीण पर्यटन के बारे में जागरूकता बढ़ाने और पर्यटकों को नाव की सवारी करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा।

# ६० लाख के करीब संक्रमित, वैक्सीन के लिए चाहिए ८० हजार करोड़ रुपए

नई दिल्ली। कोरोना वायरस के संक्रमितों की तेजी से बढ़ती संख्या के बीच देश में संक्रमितों की कुल संख्या ६० लाख के करीब पहुंच गई है। शुक्रवार को देर रात तक ८९,१०७ नए मामले आए थे, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या ५६ लाख ८३ हजार ६३२ हो गई थी। जहां तक मरने वालों की संख्या का सवाल है तो शनिवार को देर रात तक ६६६ लोगों के मरने की खबर आई थी, जिसके बाद मरने वालों की कुल संख्या ६४,३७६ पहुंच गई। शनिवार को देर रात तक असम, झारखंड, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों के आंकड़े अपडेट नहीं हुए थे। इनके आंकड़े अपडेट होने के बाद संक्रमितों और मरने वालों का आंकड़ा ऊपर जाएगा। देश में कोरोना वायरस से सबसे ज्यादा संक्रमित महाराष्ट्र में शनिवार को संक्रमितों की संख्या फिर २० हजार से ऊपर पहुंच गई। राज्य में २४ घंटे में २०,४१६ नए संक्रमित मिले, जिसके बाद संक्रमितों की कुल संख्या बढ़ कर १३ लाख २१ हजार १७६ हो गई। राज्य में ४३० लोगों की मौत हुई, जिसके बाद मरने वालों की संख्या ३५ हजार १६१ हो गई। उत्तर प्रदेश में ४,३०२ मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या तीन लाख ८२ हजार ८३५ हो गई। कर्नाटक में ८,८११ मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या पांच लाख ६६ हजार २३ हो गई। देश के दूसरे सबसे अधिक संक्रमित राज्य आंध्र प्रदेश में शनिवार को ७,२९३ नए मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या छह लाख ६८ हजार ७५१ पहुंच गई। तीसरे सबसे संक्रमित तमिलनाडु में शनिवार को ५,६४७ नए मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या पांच लाख, ७५ हजार १७ हो गई है। बिहार में शनिवार को १,४५७ नए संक्रमित मिले, जिसके बाद संक्रमितों की कुल संख्या बढ़ कर एक लाख ७७ हजार ३५५ हो गई। ओड़िशा में शनिवार को ४,३५६ नए मामले आए और तेलंगाना में २,२३९ नए संक्रमित मिले। पश्चिम बंगाल में ३,१८१ नए मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या बढ़ कर



एक दो ४४ हजार २४० हो गई। ये आंकड़े कोविड१९इंडिया डॉट ओआरजी के आंकड़ों पर आधारित हैं। भारत सरकार के स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक शनिवार की देर शाम तक कुल संक्रमितों की संख्या ५६ लाख तीन हजार ६३२ थी, जिसमें से ६३,३७६ लोगों की मौत हो चुकी है। भारत को अगर अपने नागरिकों को कोरोना वायरस से बचने की वैक्सीन लगानी है तो उसे अगले एक साल में ८० हजार करोड़ रुपए खर्च करने होंगे। वैक्सीन बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी सीरम इंस्टीच्यूट अफ इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सीईओ अदार पूनावाला ने भारत सरकार से पूछा है कि क्या उसके पास अगले एक साल में खर्च करने के लिए ८० हजार करोड़ रुपए हैं। पूनावाला ने शनिवार को ट्वीट करके पूछा कि क्या केंद्र सरकार के पास कोविड–१९ वैक्सीन की खरीददारी और उसे लोगों तक पहुंचने के लिए अगले एक साल में ८० हजार करोड़ रुपए खर्च करने के लिए है? पूनावाला ने आगे लिखा– यह सवाल इसलिए क्योंकि भारत में सभी के लिए वैक्सीन खरीदने और उसे बांटने के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय को इतनी ही रकम की जरूरत होगी। गौरतलब है की सीरम इंस्टीच्यूट के पास सबसे ज्यादा वैक्सीन बनाने की क्षमता है और उसने अक्सफोर्ड एस्ट्राजेनेका के साथ वैक्सीन बनाने का समझौता किया है। अदार पूनावाला ने अपने ट्विट मे प्रधानमंत्री कार्यालय, पीएमओ को टैग करते हुए लिखा है–यह अगली चुनौती है, जिससे हमें निपटना होगा। इस बीच दुनिया भर में वैक्सीन पर चल रहे काम को लेकर अच्छी खबर यह है कि जनसन एंड जॉनसन ऐसी वैक्सीन बना रही है, जिसके एक डोज से ही कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव हो सकता है। वह ऐसी तकनीक का इस्तेमाल कर रही है, जिसके दूसरे बीमारियों से लड़ने में रिकॉर्ड बेहतरीन रहा है। जनसन एंड जनसन जिस वैक्सीन का निर्माण कर रही है, उसे न तो अस्पताल भेजे जाने तक फ्रीजर में रखने की जरूरत है और हो सकता है कि मरीज का एक डोज में इलाज हो जाए।

## बीएसएफ ने जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तानी घुसपैठ को नाकाम किया

जम्मू। जम्मू–कश्मीर के सांबा जिले में अंतर्राष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) द्वारा आज घुसपैठ की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया गया। बीएसएफ सूत्रों ने कहा कि सांबा



में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तान की तरफ से पांच आतंकवादियों के एक समूह की गतिविधि को पिछली रात सतर्क जवानों ने नोटिस किया। बीएसएफ सूत्रों ने कहा, रात के दौरान, भारी हथियारों से लैस ५ आतंकवादियों के समूह ने लंबे–बढ़े सरकंडा की आड़ लेकर भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने की कोशिश की, लेकिन उनके करीब आने पर सतर्क बीएसएफ जवानों ने उनकी कोशिश को नाकाम कर दिया। बीएसएफ सूत्रों ने बताया कि बीएसएफ जवानों के ललकारने पर उन्होंने उस समय जवानों पर गोलीबारी करनी शुरू कर दी, जबकि पाकिस्तान रेंजर्स के पोस्ट ने भी घुसपैठियों की मदद के लिए फायरिंग की। बीएसएफ जवानों की जवाबी फायरिंग के बाद आतंकवादी वहां से भाग गए। बीएसएफ ने कहा कि उसने पाकिस्तान रेंजर्स द्वारा समर्थित पाकिस्तान की ओर से हथियारबंद आतंकवादियों की घुसपैठ की एक और कोशिश को नाकाम कर दिया है। सितंबर में १४ से १५ विफल प्रयासों के बाद आतंकवादियो के समूह द्वारा सांबा सेक्टर के माध्यम से घुसपैठ का यह दूसरा प्रयास है।

## बालासुब्रमण्यम के निधन पर शाह और राजनाथ ने जताया शोक

नई दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रसिद्ध संगीतकार और पार्श्व गायक एस पी बालासुब्रमण्यम के



निधन पर शोक व्यक्त किया है। शाह ने ट्वीट कर कहा, महान संगीतकार और पार्श्व गायक पद्मभूषण एस पी बालासुब्रमण्यम जी के निधन से अत्यंत दुखी हूं। अपनी मधुर आवाज और संगीत के जरिए बालासुब्रमण्यम सदा हमारी यादों में बसे रहेंगे। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ है। सिंह ने ट्विटर पर प्रख्यात संगीतकार के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा, प्रसिद्ध गायक एस पी बालासुब्रमण्यम के निधन से दुखी हूं। उनके जाने से भारतीय संगीत जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। मशहूर फिल्मों में दी गई खूबसूरत प्रस्तुतियों की वजह से वह भारतीय संगीत प्रेमियों के बीच बेहद लोकप्रिय थे। मैं बालासुब्रमण्यम के परिवार और उनके प्रशंसकों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। प्रख्यात गायक एसपी बालासुब्रमण्यम का शुक्रवार को चेन्नई के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह ७४ वर्ष के थे। उन्होंने कई फिल्मों में अपनी आवाज का जादू बिखेरा था।

# खुशहाली के लिए स्वास्थ्य और पौष्टिक आहार जरूरी : वेंकैया

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने बीमारियों से निपटने के लिए पौष्टिक आहार और दैनिक व्यायाम पर बल देते हुए आज कहा कि स्वस्थ रहने के लिए ऋतु चर्या का पालन आवश्यक है। नायडू ने सोशल नेटवर्किंग वेबसाइट पर फेसबुक पर लिखे एक लेख में कहा है कि भारत और विश्व के अन्य देश भी कोविड १९ की महामारी से जूझ रहे हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी का लोगों से प्रतिदिन कम से कम आधा घंटा अपनी फिटनेस पर ध्यान देने का आह्वान प्रासंगिक और अनिवार्य हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा,



"हमें उनका दिया हुआ मंत्र फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज , अपनी रोजमर्रा की दिनचर्या में अपनाना चाहिए। सही फिटनेस पद्धति को जीवन में नियमित रूप से अपनाने से व्यक्ति के सम्पूर्ण जीवन में समग्र खुशहाली आ सकती है। उन्होंने लिखा है कि अन्य कई सबकों की तरह इस महामारी ने हमें शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का महत्व भी सिखाया है। संतुलित आहार के साथ–साथ फिटनेस, हमें रोगों से मुक्त रखने के लिए जरूरी है। समय की मांग है कि हम स्वस्थ्य और फिट रहें। यह न सिर्फ हमें बीमारी से बचायेगा बल्कि हमें अपने काम कर सकने के काबिल भी बनाए रखेगा।

# उमा भारती हुई कोरोना पॉजिटिव

भोपाल। मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है और वे हरिद्वार व ऋषिकेष के बीच स्थित वंदे मातरम कुंज में क्वारंटीन में हैं। उमा भारती ने शनिवार देर रात ट्वीट करते हुए बताया, मै आपकी जानकारी मै यह डाल रही हू कि मैंने आज अपनी पहाड़ की यात्रा के समाप्ति के अन्तिम दिन प्रशासन को आग्रह करके कोरोना टेस्ट के टीम को बुलवाया क्योंकि मुझे तीन दिन से हलका बुखार था। मैंने हिमालय में कोविड के सभी विधि–निषेध एवं सोशल डिस्टेंसिग



का पालन किया, फिर भी मै कोरोना पोजिटिव निकली हूं। उन्होंने बताया है कि, मै अभी हरिद्वार एवं ऋषिकेश के बीच वन्दे मातरम् कुंज में क्वारंटीन हूं जो कि मेरे परिवार के जैसा है। चार दिन के बाद फि र से टेस्ट कराऊं गी एवं स्थिति ऐसी ही रही तो डॉक्टरों के परामर्श के अनुसार निर्णय लूंगी। उमा भारती ने संपर्क में आए लोगों से कहा है, मेरे इस ट्वीट को मेरे संपर्क में आये हुए भाई–बहन पढ़ें या उन्हें जानकारी हो जाये उन सबसे मेरी अपील है कि वो अपनी कोरोना टेस्ट करवाये एवं सावधानी बरतें।

# दुष्कर्म के मामलों में फरार दो आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ। लंबे समय से फरार चल रहे दुष्कर्म के दो आरोपियों को पुलिस ने मुखबिरों की सूचना पर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेजा है। ग्राम हाफिजखेड़ा निवासी विपिन पर मलिहाबाद थाने में दुष्कर्म सहित एससी एसटी एक्ट में मुकदमा पंजीकृत हुआ था, जिसमें वह फरार चल रहा था। शनिवार करीब ५.३० बजे पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि विपिन मीठे नगर रोड पर ट्यूबेल के पास कहीं जाने की फिराक में खड़ा है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुच उसे धर दबोचा। पुलिस की पूछताछ में विपिन ने अपना जुर्म कुबूल कर लिया। इसी प्रकार ग्राम सिरगामऊ मऊ निवासी सूरज मलिहाबाद थाने में नाबालिग से दुष्कर्म करने का अभियोग दर्ज है, जिसमे यह काफी समय से फरार चल रहा था। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की सूरज सिरगामऊ रोड मऊ मार्ग पुलिया के पास खड़ा है। पुलिस मौके पर दबिश देकर उसे पकड़ लिया।प्रभारी निरीक्षक चिरंजीवी मोहन ने बताया की उक्त दोनों आरोपियों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर जेल भेजा गया है।

# ईमानदार मुख्य मंत्री के छवि को करता धूमिल आपदा में अवसर-शिक्षा विभाग

**शशिनाथ दूबे**

लखनऊ। कोरोना काल में आपदा में अवसर तलाशने के तमाम मामले जिला प्रशासन स्तर पर देखने को मिले हैं लेकिन इसमें शिक्षा विभाग के कुछ अधिकारी किसी मामले में पीछे नहीं हैं। हाल ही में एक ऐसा मामला संज्ञान में आया जिसे आपदा में अवसर का उत्थ्ष्ट उदाहरण कहा जा सकता है। राजधानी लखनऊ में तैनात बेसिक शिक्षा विभाग की एक खण्ड शिक्षा अधिकारी जिनके ऊपर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उसके लिए बेहतर वातावरण सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी है वह स्वयं ही माहौल बिगाड़ने और स्कूलों के कमरे, फर्नीचर , कम्प्यूटर और जमीनों को हथियाने में व्यस्त हैं। ज्ञात हो कि कोरोना संक्रमण के चलते स्कूलों में बच्चों के आने पर अभी प्रतिबंध है इसी का फायदा उठाते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी जोन-२ नूतन जायसवाल ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय (बालक) चिनहट के तीन कमरों पर कब्जा कर लिया और उसे अपना कार्यालय घोषित कर खुद ही मुख्य अतिथि के रूप में नारियल फोड़ दिया और लड्डू भी वितरित करवा दिए, नूतन जायसवाल यहीं नहीं रुकी बगैर किसी लिखा पढ़ी के मटियारी और गुलाम हुसैन पुरवा से कम्प्यूटर प्रिंटर और कुछ फर्नीचर उठवा लिया यह कम्प्यूटर बच्चों को कम्प्यूटर का ज्ञान देने



के लिए सरकार ने दिए थे किंतु जब अधिकारी स्वयं लुटेरे हो जाएँ तो शिक्षक क्या करें। नूतन जयसवाल के इस कारनामे की पड़ताल करने रिपोर्टर जब पूर्व माध्यमिक विद्यालय (बालक) चिनहट पहुँचा तो देखा यह वही विद्यालय है जिसे सरकार ने पूरे लखनऊ के लिए एक मडल के रूप में विकसित कराया था जिसे देखकर अन्य स्कूल भी वैसे ही बन सके , स्कूल में बच्चों के लिए हर कक्षा के अलग-अलग कमरे,विज्ञान प्रयोगशाला , पुस्तकालय, स्टाफ कक्ष , प्रधानाध्यापक कक्ष और बच्चों के लिए एक छोटा हाल जिसमें सभी कक्षा के बच्चे किसी विशेष कार्यशाला या बैठक में प्रतिभाग कर सकते हैं। साथ ही विद्यालय के प्रांगण को चारों ओर से पेड़ पौधों और फूलों से कुछ इस तरह सजाया गया कि जिससे बच्चों को पढ़ाई लिखाई का एक अलग माहौल मिल सके । लेकिन बच्चों के लिए की गई इस मॉडल स्कूल की व्यवस्था की रौनक खण्ड शिक्षा अधिकारी नूतन जायसवाल को इस कध्दर भा गयी कि उन्होंने मडल स्कूल का पूरा मडल अपने अनुरूप बनाने की ठान ली है और दो कमरों और और एक हाल को अपना स्वघोषित कार्यालय बना डाला है जिसका खघमयाजा आने वाले समय में बच्चों को भुगतना पड़ेगा। बीएसए आफिस चौक से अपना कार्यालय स्वस्थानांतरण की वजह की पड़ताल की गयी तो वजह चौकाने वाली थी दरअसल नूतन जायसवाल ने इसे कार्यालय नहीं बल्कि वसूली और दलाली का अड्डा बनाया है तरह-तरह से शिक्षकों से पिछले कई वर्षों से पाँच हजार से १० हजार तक की वसूली की जाती रही है जिसकी चर्चा बीएसए कार्यालय में रहते इधर-उधर होने लगी थी। इसी क्रम में नूतन जायसवाल ने बगैर किसी लिखा पढ़ी के बगल के ही स्कूल में तैनात सेवक सुधीर कुमार मिश्रा को अपने नए कार्यालय में कम्प्यूटर ऑपरेटर के रूप में बैठा लिया है पूछने पर पता चला उसे कम्प्यूटर का तनिक भी ज्ञान नहीं है, सूत्र बताते हैं नूतन मैडम की सारी वसूली सुधीर मिश्रा के माध्यम से ही की जाती है कार्यालय बनाने के नाम पर भी आस पास के चार पाँच स्कूलों से दो हजार से पाँच हजार तक की वसूली हुई है , एक अफवाह यह भी है कि सेवक सुधीर मिश्रा नूतन जायसवाल के ससुराल पक्ष से रिश्तेदार है रिश्ते में देवर है सुधीर मिश्रा नूतन जयसवाल के पति श्रीमान मिश्रा जी का दूर के रिश्ते में भाई है , इसीलिए एक चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी पर एक खण्ड शिक्षा अधिकारी का इस कदर लेन-देन वसूली आदि के लिए विश्वास है। यह कार्यालय सक्षम स्तर से अनुमोदन प्राप्त किए बगैर ही स्थापित हो चुका है जो कि पूर्णतया असंवैधानिक है। नूतन जायसवाल खण्ड शिक्षा अधिकारी के रूप में पिछले पाँच से अधिक वर्षों से लखनऊ में ही तैनात हैं इस पूरे प्रकरण में यदि उच्च स्तरीय जाँच की जाए तो वसूली और दलाली की परतें तो खुलेंगी ही और भी कुछ नाम उजागर होंगे लेकिन इसी खण्ड जोन २ में तैनाती रहते जाँच निष्पक्ष हो पाना सम्भव नहीं है क्योंकि समय-समय पर मोटी रकघ्म देने का दावा करने वाले शिक्षक भी मैडम के खघैफ में अपना नाम ना छापने के लिए हाथ पैर जोड़ते नजर आए।

# निजीकरण रोकने के लिए अभियंताओं ने स्वामी प्रसाद मौर्य से की मुलाकात

लखनऊ। ऊर्जा क्षेत्र के अनुसूचित जाति व पिछड़े वर्ग के अभियंताओं ने पूर्वांचल निजीकरण किए जाने के विरोध में प्रदेश के श्रम सेवायोजन मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य से मिलकर सहयोग मांगा। ३० सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री से मिलकर कहा कि वह पूरे प्रकरण में हस्तक्षेप करे। इस पर मंत्री ने जल्द ही मुख्यमंत्री से मिलकर सहयोग का आश्वासन दिया है। इससे पूर्व विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारी गोखले मार्ग स्थित मध्यांचल मुख्यालय पर धरने पर बैठे हैं। वहीं सांसद कौशल किशोर, विधायक जय देवी, डा. नीरज बोरा, अम्बरीश सिंह पुष्कर सहित कई विधायकों व सांसदों से संपर्क करके निजीकरण का विरोध जता चुके हैं। रविवार को उत्तर प्रदेश पावर आफिसर्स एसोसिएशन के वैनर तले अनुसूचित व पिछड़े वर्ग के अभियंताओं ने एक सभा की। सभा में निजीकरण का हर स्तर पर विरोध करने का निर्णय किया गया। एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में ३० सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने सबसे पहले श्रम सेवायोजन मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य से उनके आवास पर रविवार को मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। इस पर मंत्री ने कहा कि वह मुख्यमंत्री से बात कर पूर्वांचल के निजीकरण को रुकवाने का प्रयास करेंगे। वहीं दूसरी ओर इसका सबसे ज्यादा नुकसान उपभोक्ताओं व बिजली कर्मियों का होगा। पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि टोरेंट पावर कंपनी व नोएडा पावर कंपनी पूरी तरह फेल साबित हुई है। प्रतिनिधिमंडल में उत्तर प्रदेश पावर अफीसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष केबी राम, कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा के अलावा एसपी सिंह, पीएम प्रभाकर, अनिल कुमार, आरपी केन, अजय कुमार, राकेश पुष्कर, रामबरन, एसएस आर्य, मनोज सोनकर, लोकेश कुमार, प्रेम चंद्र, एचपी कौशल, अजय कनौजिया, रंजीत बाबू लाल, अश्वनी कुमार, राजकपूर गौतम, विकास दीप, प्रभाकर कुमार, राजेश कुमार, स्वेता कुमारी ने कहां यह लड़ाई तब तक जारी रहेगी, जब तक निजीकरण पर रोक नहीं लगाई जाती।



# कृषि विधेयक के विरोध में भारत बंद सफल : भाकियू

नई दिल्ली। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने ृषि विधेयकों के विरोध में शुक्रवार को आहूत भारत बंद को सफल बताया है। भाकियू समेत अनेक संगठनों ने पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और बिहार समेत अन्य राज्यों में आज विरोध-प्रदर्शन कर केंद्र सरकार से ृषि विधेयकों को वापस लेने की मांग की। हाल ही में संसद के मानसून सत्र के दौरान कृषि से जुड़े तीन अहम विधेयकों, कृषक उपज व्यापार एवं वाणिज्य विधेयक २०२०, कृषक कीमत आश्वासन और ृषि सेवा पर करार विधेयक २०२० और आवश्यक वस्तु (संशोधन) विधेयक-२०२० को संसद के दोनों सदनों ने मंजूरी दी है। भाकियू ने एक बयान के जरिये बताया कि बंद के दौरान पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों को पूरी तरह बंद किया गया। किसान संगठन के मुताबिक, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बिजनौर में ८०, मुजफ्फरनगर में ११, शामली में ३, सहारनपुर में ५, गाजियाबाद में २, नोएडा में २, हापुड में ४, मेरठ में ६, मुरादाबाद में १०, शाहजहांपुर में ३, रामपुर में २, मैनपुर, आगरा, मथुरा, अलीगढ़ सहित पूरे प्रदेश में चक्का जाम किया गया, जबकि हरियाणा और पंजाब में बाजार सहित सभी संस्थान बंद रहे। भाकियू किसानों का गैर-राजनीतिक संगठन है, जो उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल सहित उत्तर भारत में किसानों का प्रतिनिधित्व करता है। भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा, हम किसान पिछले चार दशकों से उचित और पारिश्रमिक मूल्य की मांग कर रहे हैं। भाजपा सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने का चुनावी वादा किया था। उस वादे को पूरा करने के बजाय, किसानों को उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए सरकारों की जिम्मेदारी को समाप्त करने के लिए पारित किए गए इन विधेयकों के द्वारा हमें थप्पड़ मारा जा रहा है।

# एवरेस्ट विजेता अरुणिमा सिन्हा के बहनोई की जमानत अर्जी खारिज

लखनऊ। कुटरचित दस्तावेजों के जरिए फर्जी बैंक खाता खोलकर पद्म श्री एवरेस्ट विजेता अरुणिमा सिन्हा के ट्रस्ट से लाखों की रकम हड़पने के मामले में निरुद्ध मुल्जिम ओम प्रकाश त्रिपाठी की जमानत अर्जी सत्र अदालत ने खारिज कर दी है। ओम प्रकाश त्रिपाठी अरुणिमा सिन्हा की बहन का पति है। विशेष अपर सत्र न्यायाधीश मीना श्रीवास्तव ने प्रथम दृष्टया मुल्जिम के अपराध को गंभीर करार दिया है। थाना सरोजनीनगर से संबधित इस मामले की एफआईआर अरुणिमा सिन्हा ने ही दर्ज कराई थी। सरकारी वकील एमके सिंह के मुताबिक अरुणिमा फाउण्डेशन ट्रस्ट दिव्यांग बच्चों के सम्मानित विकास व समाजोपयोगी कार्यो का संचालन करता है। उन्होंने अपनी बहन लक्ष्मी सिन्हा के पति ओम प्रकाश त्रिपाठी को इस ट्रस्ट का अध्यक्ष बनाया था। जब ट्रस्ट में धन का आगमन होने लगा, तो अपनी निजी आवश्यक्ताओं के लिए अभियुक्त व अन्य नामजद आरोपी भी बतौर कर्ज पैसे लिए लेकिन वापस नहीं किए। जिसके बाद अरुणिमा सिन्हा ने ट्रस्ट के एक मात्र बैंक खाते के संचालन पर रोक लगा दी। साथ ही मुल्जिमों को फाउण्डेशन के कार्यो में हस्तक्षेप करने से भी रोक दिया। लेकिन उनके लखनऊ से बाहर रहने के दौरान ओम प्रकाश त्रिपाठी व इस मामले के अन्य मुल्जिमों ने कुटरचित दस्तावेजों व उनके फर्जी हस्ताक्षर के जरिए ट्रस्ट के नाम से एचएडीएफसी बैंक में एक खाता खोला और सारा पैसा गबन कर लिया।

# अद्भुत दहेज : दहेज में सांप

**अमरेन्द्र सहाय अमर**

दहेज का अर्थ है जो सम्पत्ति, विवाह के समय वधू के परिवार की तरफ से वर को दी जाती है. दहेज को उर्दू में जहेज कहते हैं. यूरोप, भारत, अफ्रीका और दुनिया के अन्य भागों में दहेज प्रथा का लंबा इतिहास है. भारत में इसे दहेज, हुँडा या वर–दक्षिणा के नाम से भी जाना जाता है तथा वधू के परिवार द्वारा नकद या वस्तुओं के रूप में यह वर के परिवार को वधू के साथ दिया जाता है. आज के आधुनिक समय में भी दहेज प्रथा नाम की बुराई हर जगह फैली हुई है. पिछड़े भारतीय समाज में दहेज प्रथा अभी भी विकराल रूप में है. बेटी की शादी में पिता अपनी खुशी से पैसों से लेकर गाड़ी तक उपहार स्वरूप भेंट करता है. लेकिन क्या आपने कभी सुना है कि दहेज में जहरीले सांप भी दिए जाते हैं. ये बात जानकर आपको हैरानी तो हो रही होगी, लेकिन यह सौ फीसदी सच है. इस प्रथा का चलन हमारे ही देश में मध्य प्रदेश के एक विशेष समुदाय में है. आइए जानते हैं इसके बारे में विस्तार से...मध्य प्रदेश के गौरिया समुदाय के लोग अपने दामाद को दहेज में २१ जहरीले सांप देते हैं. इस समुदाय में यह परंपरा सदियों से चली आ रही है. मान्यता है कि अगर इस समुदाय से जुड़ा कोई शख्स अपनी बेटी को शादी में सांप नहीं देता है, तो उसकी बेटी की शादी जल्दी ही टूट जाती है. कहते हैं कि बेटी की शादी तय होते ही पिता अपने दामाद को तोहफा देने के लिए सांप पकड़ना शुरू कर देते हैं. इनमें गेंहुअन, कोबरा जैसे जहरीले सांप भी होते हैं. यहां के बच्चों को भी उन जहरीले सांपों से डर नहीं लगता बल्कि वो उनके साथ आराम से खेलते नजर आते हैं. दरअसल, इस समुदाय के लोगों का मुख्य पेशा सांप पकड़ना है और वो उन्हें लोगों को दिखाकर पैसा कमाते हैं. यही वजह है कि पिता अपनी दामाद को दहेज में सांप देता है, ताकि वो इन सांपों के जरिए कमाई कर सके और परिवार का पेट पाल सके. इस समुदाय में सांपों को सुरक्षित रखने के लिए कड़ा नियम भी बनाया गया है. कहते हैं कि अगर सांप इनके पिटारे में मर जाता है, तो पूरे परिवार के लोगों को मुंडन कराना पड़ता है. साथ ही समुदाय के सभी लोगों को भोज करना पड़ता है. सांप इनके घरों में यूं ही घूमते रहते हैं. इनके पालतू सांप की मृत्यु हो जाने पर यहां सरसम्मान से उसका अंतिम संस्कार करते हैं. साथ ही परिवार का सदस्य मानकर दाढ़ी मूंछ भी बनवाते हैं. इनका मानना है कि यह सांप जहां भगवान शिव के वरदान के रूप में उन्हें मिला है और उनकी जीविका का साधन है इस वजह से इनमें सांपों को लेकर विशेष सम्मान है. नाग पंचमी में यह लोग आज भी सदियों से चली आ रही परंपरा का निर्वाह करते हुए लोगों को नाग देवता के दर्शन कराने के लिए निकालते हैं।



# वन व खाकी की सरपरस्ती मे हरे–भरे पेड़ों का कटान धड़ल्ले से जारी

**कृष्ण कुमार शुक्ला अद्भुत समाचार नेटवर्क**

लखीमपुर–खीरी। पौधों को रोपित कर प्रेंति के संरक्षण की बात कह रही है, वहीं दूसरी ओर जनपद के कई क्षेत्रों मे वन विभाग व खाकी की सरपरस्ती मे हरे–भरे पेड़ों का कटान धड़ल्ले से जारी है ? हालत यह है कि इस प्रकार अवैध कटान की जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को होने के बावजूद भी कार्यवाही संभव नही हो पा रही है। क्योंकि यह सारा खेल उन्हीं के संरक्षण में होता है ऐसे में अब कार्यवाही कौन करे ? बताते चलें कि बीते दिनो लखीमपुर–मितौली मार्ग के अंतर्गत गौरिया मे काटे गए दो दर्जन से अधिक आम के पेड़ों का मामला गरमाया हुआ था, मीडिया द्वारा इसी जानकारी संबंधित रेंजर को देने के बावजूद इस पर कोई कार्यवाही न हो सकी। इसी क्रम मे बीते दिवस धौरहरा क्षेत्र मे महमदापुर के पास अहबरपुर व चमरदहा हरी मे जामुन, शीशम आदि के दर्जनभर से अधिक पेड़ों को लकडकट्टों ने अपना शिकार बना लिया। इस बाबत जब लकड़कट्टों से परमिट दिखाने को कहा गया तो वे बगले झांकते नजर आए। इस बाबत जब रेंजर अनिल शाह से जानकारी लेनी चाही तो उन्होने कहा कि मुझे इसकी जानकारी नही है, दिखवाता हूँ। भला ऐसा कैसे हो सकता है कि दिनदहाड़े दर्जनो पेड़ काट दिये जाएं और संबंधित विभाग के अधिकारियों को इसकी जानकारी न हो? भला ऐसा कैसे हो सकता है कि काटे गए पेड़ को ले जाने वाले वाहन थाना चौकी के सामने से निकल जाएं और इनके कागज न चेक किये जाएं? स्पष्ट है कि दाल में कहीं कुछ तो काला है। अब यदि इसी प्रकार से अवैध रूप से पेड़ों का सफाया होगा, तो प्रदेश सरकार की मंशा कैसे कामयाब हो पाएगी ?

## पुलिस ने अपनी मौजूदगी में शांतिपूर्ण ढंग से अदा कराई जुमा की नमाज

ओयल खीरी। थाना खीरी की रिपोर्टिंग पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला कोतवाली में स्थित जामा मस्जिद कोरोना वैश्रिक महामारी के दौरान सरकारी आदेशों को ध्यान में रखते हुए मस्जिद कमेटी के सदर पप्पू कुरैशी द्वारा शुक्रवार को जुम्मा की नमाज ओयल पुलिस चौकी के दीवान अनूप बाजपेई व आरक्षी मोहम्मद असलम की मौजूदगी में अलग–अलग पाँच लोगों को शांतिपूर्ण ढंग से जुम्मा की नमाज अदा कराई गई।

## अज्ञात मर्डर का अभियुक्त गिरफ्तार

**कृष्ण कुमार शुक्ला**

लखीमपुर–खीरी। करस्ता मितौली पुलिस को एक बड़ी सफलता उस समय हाथ लगी जब अज्ञात मर्डर का अभियुक्त मितौली पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। गिरफ्तार अभियुक्त निमचेनी निवासी सरवन पासी ने बताया की ६ दिन पूर्व अपने ३ साथियों के साथ मिलकर गांव के ही मदन पाल की हत्या कर उसका शव अलपुर के पास रास्ते पर डाल दिया गया था। थाना प्रभारी मितौली अनिल कुमार सैनी मय हमराही फोर्स उपनिरीक्षक जयप्रकाश यादव हेड कांस्टेबल बिनोद कुमार वर्मा कांस्टेबल अरुण कुमार के साथ हत्या अभियुक्त सरवन पासी को करस्ता सीतापुर मार्ग पकरिया मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया घटना में शामिल अन्य साथियों की तलाश पुलिस सरगर्मी के साथ कर रही है।

# कृषि संशोधन बिल के खिलाफ किसानों का जोरदार प्रदर्शन

लखीमपुर/मितौली–खीरी। केंद्र सरकार द्वारा लाए गए कृषि संशोधन बिल के खिलाफ बीते दिवस जनपद मुख्यालय समेत समस्त तहसील क्षेत्रों मे जोरदार प्रदर्शन हुए। इस दौरान कई किसान संगठन व सामाजिक संगठन सड़कों पर उतरे। शहर कें विलोबी हाल मे भाकपा माले व अखिल भारतीय किसान महासभा ने विरोध सभा का आयोजन किया, इसके बाद मार्च निकालते हुए एसडीएम के द्वारा राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। इस अवसर पर भाकपा माले की केन्द्रीय कमेटी की सदस्य का०ष्णा अधिकारी ने कहा कि भाजपा सरकार किसान के आखो मे धूल झोककर खेत और खेती को कम्पनियों के हाथों मे नही बेच सकतीं। इस दौरान राजेश, आशू, बसन्त, गुलाब, अशोक समेत दर्जनो लोग मौजूद रहे। वहीं अखिल भारतीय किसान महासभा से तहसील अध्यक्ष निघासन सर्वजीत सिंह, अंकित मिश्रा, सरदार जागीर सिंह, सरदार सतनाम सिंह, हरि सिंह सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे। वहीं मितौली संवाददाता के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवाहन पर समाजवादी पार्टी भी किसानों के पक्ष में व विधेयक के विरोध में सड़कों पर उतर आई है। समाजवादी छात्रसभा के निवर्तमान जिला महासचिव प्रवीन यादव की अगुवाई में तमाम युवाओं व किसानों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर काला ेषि कानून वापस लो जैसे नारे लिखकर व मानव श्रृंखला बनाकर अपना रचनात्मकता विरोध दर्ज कराया। प्रवीन यादव ने बताया कि जब से केंद्र में भाजपा सरकार आई है किसानों, व्यापारियों, युवाओं को पूरी तरह से तबाह करने का काम किया है। जहां जीएसटी लाकर व्यापारियों का व्यापार बर्बाद करने का काम किया था वहीं रोजगार के रास्ते बंद कर युवाओं के साथ अन्याय करने का काम किया। आज इस कारपोरेट परस्त सरकार के निशाने पर देश के किसान हैं, जिन्हें यह सरकार कृषि अध्यादेश के माध्यम से तबाह करने पर आमादा है। जब २०१४ में भाजपा सरकार आई थी तब देश की जीडीपी में ेषि का लगभग १३: हिस्सा था वही आज छः सालों के बाद घटकर बमुश्किल ढाई प्रतिशत रह गया है, जो कि केंद्र सरकार का किसान विरोधी होने का घोतक है। हम समाजवादी लोग सरकार को चेतावनी देते हैं कि सरकार अध्यादेश वापस ले अन्यथा परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहे। इस दौरान संग्राम सिंह, सुधीर यादव, अंचल यादव, अनुराग सोशलिस्ट, राजवीर शर्मा, राजीव कुमार, मंजीत सिंह, आफताब अली, शिवम यादव, वेदपाल सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में यूं ही घूमने के शौकीन इस शौक को लखनऊ में पूरा नहीं कर पाएंगे

लखनऊ। विंडो–शॉपिंग के शौकीन या मॉल और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में यूं ही घूमने के शौकीन लोग अब अपने इस शौक को लखनऊ में पूरा नहीं कर पाएंगे। अधिकारियों ने मालिकोंध्प्रबंधन को निर्देश दिया है कि वे उन्हीं लोगों को प्रवेश दें जो कि खरीदारी करने के मकसद से आएं और मास्क पहन रखा हो। प्रशासन द्वारा जारी किए गए नए दिशा–निर्देशों के अनुसार, कोरोनो वायरस संक्रमण को रोकने के लिए सभी मॉल और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के कर्मचारियों, साथ ही आगंतुकों को सभी स्वास्थ्य सुरक्षा गियर पहनना अनिवार्य होगा। इसके अलावा, अन्य बाजारों और दुकानों के लिए भी कोविड के मद्देनजर दिशा–निर्देश जारी किए गए हैं, व्यापारियों और दुकानदारों ने यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि सभी ग्राहक खरीदारी करते समय मास्क और ग्लव्स पहनें। लखनऊ के जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने कहा, "चूंकि महामारी अभी जारी है, इसलिए हमने शॉपिंग मॉल और कॉम्प्लेक्स के लिए नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। आगंतुकों को जागरूक किया जाएगा कि केवल 'सीरियस खरीदारों' को मॉल में प्रवेश करने की अनुमति दी जाए। उन्हें खरीदारी खत्म होते ही मॉल से चले जाने के लिए भी कहा जाएगा। दिशा–निर्देशों के अनुसार, सभी आगंतुकों और कर्मचारियों के लिए उचित थर्मल जांच से गुजरना अनिवार्य है। दिशा–निर्देशों में कहा गया, "यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी सार्वजनिक संपर्क क्षेत्र, जिनमें एस्केलेटर, दरवाजे, रेलिंग, लिफ्ट, पार्किंग एरिया और अन्य शामिल हैं, आगंतुकों और कर्मचारियों दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निमित रूप से सैनिटाइज किए जाएं।" मॉल और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में स्वास्थ्य सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित करने के लिए दो नोडल अधिकारियों को तैनात किया जाएगा। नए दिशानिर्देशों को लेकर मॉल मालिकों ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। एक मल्टी–ब्रांड स्टोर के मालिक ने कहा, 'हम सीरियस खरीदारों और विंडो शॉपर्स के बीच अंतर कैसे कर सकते हैं? जो लोग विंडो शॉपिंग में शामिल रहते हैं वो बाद में कुछ न कुछ खरीद लेते हैं। हम ग्राहकों से यह यह नहीं कह सकते हैं कि अगर आप हमारे स्टोर के सामानों को बस देख रहे हैं तो यहां से चले जाएं।"



# रामबाबू रस्तोगी ने ग्रहण की प्रसपा की सदस्यता

लखनऊ। सामाजिक उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामबाबू रस्तोगी ने रविवार को प्रगतिशील समाजवादी पार्टी की



सदस्यता ग्रहण कर ली। उन्होंने यह सदस्यता पार्टी की सकारात्मक गतिविधियों और व्यापारियों के हितों की बात करने की वजह से ली। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा व्यापारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जा रहा है। जिस वजह से व्यापारियों द्वारा प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) को प्रसंद किया जा रहा है। वहीं पार्टी भी लगातार व्यापारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठा रही है। राम बाबू रस्तोगी को पार्टी की सदस्यता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल यादव ने दिलाई। इस दौरान उन्हें प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) व्यापार सभा का उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री शारदा प्रताप शुक्ला, पूर्व राजेश यादव, पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष अनिल वर्मा, प्रदेश महामंत्री वीनू शुक्ला, अजय त्रिपाठी मुन्ना, महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्चना राठौर, महिला प्रदेश अध्यक्ष शम्मी बोरा आदि मौजूद रहे। पार्टी की सदस्यता लेने के बाद व्यापारियों ने शिवपाल सिंह यादव व आदित्य यादव को बधाई दी। इस मौके पर रामबाबू रस्तोगी ने कहा कि जल्द ही अब पूरे प्रदेश में व्यापारियों के द्वारा रथयात्रा निकालकर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा और अधिक से अधिक व्यापारियों को जोड़ने का काम किया जाएगा। बता दें कि दो दिन पहले ही व्यक्तिगत कारणों से राम बाबू रस्तोगी ने समाजवादी पार्टी से इस्तीफा दे दिया था।


हमारे अन्य प्रतिनिधि
संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370
प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र
क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289
मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ


# ड्रग मामले में दीपिका से पूछताछ कर रही एनसीबी

मुंबई। बॉलीवुड अदाकारा दीपिका पादुकोण आज ड्रग्स से जुड़े मामले में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के सामने पेश हुई हैं। उन्हें एजेंसी द्वारा उनके और उनके मैनेजर के कथित चौट सामने आने के बाद बुलाया गया। दीपिका को ड्रग कानून प्रवर्तन एजेंसी ने बुध



वार को पूछताछ के लिए बुलाया था। वह सुबह १० बजे से पहले एनसीबी कार्यालय पहुंच गईं। एनसीबी के एक अधिकारी ने कहा कि उनसे उनकी पूर्व मैनेजर करिश्मा प्रकाश के साथ कथित ड्रग चौट के बारे में पूछताछ की जाएगी। उनसे यह भी पूछा जाएगा कि क्या वह ड्रग्स का सेवन करती हैं, तो किससे मंगाती हैं और कहां से उन्होंने ड्रग खरीदा और क्या ड्रग्स अपने लिए खरीदे गए या किसी और के लिए। उनसे यह भी पूछताछ की जाएगी कि क्या वह अभी भी ड्रग्स का सेवन करती हैं या नहीं। साल २०१७ के चौट में खुलासा हुआ कि सभी कोको क्लब में थे जब उन्होंने करिश्मा को ड्रग्स लाने के लिए कहा था। दीपिका के अलावा, एनसीबी ने श्रद्धा कपूर और सारा अली खान को भी पूछताछ के लिए बुलाया है। एनसीबी ने शनिवार को करिश्मा को भी पूछताछ के लिए बुलाया है। इससे पहले शुक्रवार को एनसीबी द्वारा उनसे कई घंटों तक पूछताछ की गई। एनसीबी ने अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह, धर्मा प्रोडक्शन के पूर्व कार्यकारी निमार्ता क्षितिज प्रसाद रवि और करिश्मा से पूछताछ की है। एनसीबी ने क्वान टैलेंट मैनेजमेंट एजेंसी के सीईओ ध्रुव चिटगोपेकर और प्रख्यात निमार्ता मधु मंटेना वर्मा और अन्य के बयान भी दर्ज किए हैं। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों की जांच के बाद एनसीबी ने एनडीपीएस अधिनियम के तहत ड्रग्स का मामला दर्ज किया था।

# नारकोटिक्स ऑफिसर बनेंगे शक्ति कपूर

मुंबई। बॉलीवुड के जाने–माने चरित्र अभिनेता शक्ति कपूर सुशांत सिंह राजपूत से प्रेरित फिल्म में नारकोटिक्स अफिसर का किरदार निभाते नजर आयेंगे। सुशांत सिंह राजपूत की जिंदगी से प्रेरित फिल्म 'न्यायरू द जस्टिस' बनायी जा रही है। इस फिल्म में शक्ति कपूर नारकोटिक्स अधिकारी की भूमिका निभाते नजर आएंगे। फिल्म में जुबेर के खान के किरदार का नाम महेंद्र सिंह है जो सुशांत सिंह राजपूत से प्रेरित है। जुबेर ने बताया कि सारा अली खान, अंकिता लोखंडे, कृति सैनन, श्रुति मोदी और दिशा सालियान से प्रेरित किरदारों की भी कास्टिंग की जा चुकी है। जुबेर के. खान ने बताया, अमन वर्मा ईडी अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं, शक्ति कपूर सर नार्कोटिक्स अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं और सुधा चंद्रन फिल्म में सीबीआई अधिकारी की भूमिका निभा रही हैं। फिल्म की कास्टिंग हो रही है, लेकिन अभी फिल्मांकन शुरू होना बाकी है। बताया जा रहा है कि दिलीप गुलाटी के निर्देशन में बन रही फिल्म की शूटिंग अक्टूबर के मध्य में होने की उम्मीद है, वहीं निमार्ता इसे दिसंबर में रिलीज कर सकते हैं।



# पूछताछ के लिए एनसीबी के ऑफिस पहुंची श्रद्धा कपूर

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के कार्यालय पहुंच गई हैं। श्रद्धा से ड्रग मामले में पूछताछ करने के लिए एनसीबी ने समन भेजा था। इसके अलावा अभिनेत्री दीपिका पादुकोण, सारा खान को भी समन भेजा गया था। दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत की जांच में सामने आए ड्रग एंगल के चलते ब्यूरो फिल्म इंडस्ट्री के कई सेलिब्रिटीज से पूछताछ कर रही है।

# तीन दशक में काम से लंबा ब्रेक नहीं लिया : सलमान

मुंबई। बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान का कहना है कि उन्होंने पिछले ३० वर्षों में काम से इतना लंबा ब्रेक नहीं लिया है। सलमान को फिल्म इंडस्ट्री में आये हुये तीन दशक हो गये हैं। सलमान का कहना है कि उन्होंने अपने अबतक के करियर में इतना लंबा ब्रेक नहीं लिया है, जितना कि उन्हें कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए लागू किए गए लॉकडाउन के दौरान लेना पड़ा। सलमान जल्द ही बिग बॉस के आगामी सीजन को होस्ट करने वाले हैं। सलमान ने कहा, पिछले छह महीने में काम नहीं करना मेरे लिए सबसे अधिक तनावपूर्ण रहा है। मैंने पिछले ३० वर्षों में भी इतनी छुट्टियां नहीं मनाई। हालांकि, मुझे जबरन यह छुट्टियां लेनी पड़ीं। साल के अंत में छुट्टी मनाने का निर्णय लिया था, लेकिन अब बिग बॉस कार्यक्रम को लेकर उनकी प्रतिबद्धता के चलते उन्हें इन तय छुट्टियों में कटौती करनी पड़ेगी।




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई UPHIN/2010/32566



सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178
Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com



सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक